तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 31 दिसंबर 2023

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3
लंबित भुगतान की मांग को लेकर ठेका श्रमिकों ने खोला मोर्चा, सौंपा ज्ञापन



## खबर संक्षेप

### कामगारों की पदोन्नति के लिए प्रयास

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट में काम करने वाले कामगारों की पदोन्नति के लिए एसईकेएमसी जोरदार प्रयास कर रहा है। आईआर बैठक में इस मामले को जोर शोर उठाया गया। छंद राम राठौर जीवराखन चंद्रा अनिल राठौर, शिशु पाल केंवट, राम कुमार चंद्रा, दशरत साहू, सहदेव जाटवर ने कहा कि अनेको कर्मचारी पदोन्नति की राह देख रहे हैं। समय पर पदोन्न्ति नहीं होने से किनके वेतन पर असर पड़ता है। इसी तरह मोटर साइकिल व साइकल स्टैंड को व्यवस्थित करने की मांग की गई। जिसमें कहा गया कि वाहन चालकों को वाहन खड़ी करते समय परेशानी होती है। सभी शौचालयों में पानी की आपूर्ति लगातार किए जाने की जरूरत है। कई बार पानी नही होने से कामगार परेशान हो जाते है। पेयजल के लिए सुलभ व्यवस्था होनी चाहिए।

### नागपुर में होगा एचएमएस का सम्मेलन

**कोरबा।** एसएमएस का राष्ट्रीय सम्मेलन नागपूर में 3 जनवरी से आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय नेता नाथूलाल पाण्डेय के अलावा कई बड़े बड़े नेता शामिल होंगे। जिले से रेशम लाल यादव, गिरजा साहू, शेख चांद मंशूरी ,अरूण झा, मिलन पाण्डेय, बीएल पनका, ए.विश्वास ,सुरेन्द्र मिश्रा, अजीत पाण्डेय, बलराम साहू के अलावा अन्य कार्यकर्ता शामिल होगें।

### सवा पांच करोड़ मंत्र जाप पूर्ण

**कोरबा।** सिद्ध आश्रम साधक परिवार के द्वारा पखना पारा भिलाई बाजार में काल भैरव मंत्र का जाप किया जा रहा था। यह मंत्र जाप नवंबर माह से शुरू हुआ था और लगातार जारी था सवा करोड़ मंत्र जाप पूर्ण होने पर शनिवार को हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संतोष यादव, हेमेन्द्र साहू, पप्पू के नेतृत्व में प्रतिदिन साधक यहां पहुंचकर मंत्री जाप करते थे। इसके अलावा महीने के हर 21 तारीख को गुरूपूजन का आयोजन भी यहां किया जाता है। इस कार्यक्रम में साधक बढ़चढक़र भाग लेते हैं। उक्त जानकारी धनश्याम बरेठ ने दी है।

### बिना परिवहन चल रहा वाहन जप्त, 8 पर लगी पेनाल्टी

**कोरबा।** जिला परिवहन विभाग ने नए बस स्टैंड में वाहनों के फिटनेस को लेकर अचानक चेकिंग अभियान शुरु की। इस दौरान एक गाड़ी को जब्त कर लिया, जबकि दस वाहनों पर पेनल्टी लगाई गई। बता दें हादसों पर लगाम लगाने वाहनों से जुड़ी खामियों को देखने और रखरखाव को लेकर परिवहन विभाग ने कार्रवाई करना शुरू कर दिया गया है। दरअसल, शहर के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बस स्टैंड में परिवहन विभाग की टीम ने अपनी उपस्थिति दर्ज करने के साथ उन वाहनों की तलाश की जो फिटनेस नियम का पालन नहीं कर रहे थे। ठंड के मौसम में कोहरा के कारण होने वाली घटनाओं को ध्यान में रखते हुए वाहनों पर अनिवार्य रूप से सामने और पीछे रेडियम पट्टी लगाने पर जोर दिया जा रहा है।

### सुदामा चरित्र की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रोतागण

**कोरबा।** भिलाई बाजार कोसमभांठा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथावाचक पं. डॉ. सत्यनारायण तिवारी हिमांशु सारधा लोरमी वाले ने कई प्रसंग सुनाए। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के अन्य विवाह की कथा, भगवान श्रीकृष्ण का रुक्मणी के साथ संवाद, ऊषा-अनिरुद्ध का विवाह, राजा नृग की कथा, पांडवों का राजसूय यज्ञ, जरासंध वध, सुदामा चरित्र, सुदामा पर भगवान श्रीकृष्ण की कृपा, श्रीकृष्ण का अपने लोक को जाना, कलयुग की कथा, राजा परीक्षित का मोक्ष सहित अन्य कथाओं का श्रवण कराया। सुदामा चरित्र की कथा सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो गए।

# मनरेगा से स्वीकृत किए गए कुएं हितग्राहियों को नहीं आए रास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जल संवर्धन जल संरक्षण हेतु ग्रामीण अंचलों में महात्मा गांधी गारंटी योजना अंतर्गत हितग्राहियों की मांग पर कुएं निर्माण की योजना शुरू की गई थी। जिसके तारतम्य में वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंचायतों से प्रस्ताव मांगे गए थे। उन प्रस्तावों पर 35 कुएं का निर्माण किए जाने की स्वीकृति मिली थी, किंतु भुगतान की प्रक्रिया की विसंगति को देखते हुए हितग्राहियों ने रूचि नहीं ली और ना ही मनरेगा प्रकोष्ठ के अमले ने।

ग्रामीण अंचलों में अमृत मिशन योजना के तहत तालाबों के संवर्धन व गहरीकरण का काम जब से शुरू हुआ मनरेगा प्रकोष्ठ ने अपना पूरा काम अमृत मिशन में फोकस किया। पंचायतों से ज्यादातर प्रस्ताव अमृत मिशन के तहत तालाब निर्माण के मिले। जिस पर मनरेगा प्रकोष्ठ ने तालाब निर्माण के अलावा किसी अन्य कार्यों पर रूचि नहीं ली। परिणामस्वरूप अमृत मिशन पर ही कार्य केन्द्रित किया गया। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचलों में हितग्राहियों की मांग पर लगातार कुएं का निर्माण की योजनाएं भी चल रही थी। इसके तहत 400 से अधिक कुएं का निर्माण मनरेगा प्रकोष्ठ लागू होने के बाद अब तक किया गया है, किंतु वर्ष 2023-24 में हितग्राहियों के द्वारा पंचायतों के माध्यम से कुएं निर्माण का प्रस्ताव जनपद पंचायत के कार्यक्रम अधिकारी के पास प्रेषित किया था। उक्त प्रस्ताव जनपद कार्यालय से जिला पंचायत मनरेगा प्रकोष्ठ में भेजे गए। जहां से कुएं निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद हितग्राहियों को उनके निवास स्थान के अलावा खेत में कुएं निर्माण का प्रस्ताव दिया गया। किंतु उसके कुएं निर्माण के दौरान हितग्राहियों द्वारा मजदूरी किए जाने और उसके भुगतान की प्रक्रिया विसंगति पूर्ण होने के कारण हितग्राहियों ने रूचि नहीं लिया और प्रस्ताव तैयार होने के बाद भी मनरेगा प्रकोष्ठ के अमले ने ग्रामीण अंचलों में स्वीकृत कुएं की निर्माण को लेकर दिलचस्पी नहीं दिखाई। यही कारण है कि कुएं निर्माण के तैयार प्रस्ताव अमृत मिशन की फाइल में दबकर रह गए।

## जिले के पांचों ब्लाकों के लिए स्वीकृत किए गए थे 35 कुएं

**यहां बनना था कुआं**

| ब्लॉक | संख्या |
|---|---|
| कोरबा | 07 |
| पाली | 08 |
| कटघोरा | 00 |
| करतला | 12 |
| पोड़ी-उपरोड़ा | 08 |
| योग | 35 |



**प्रस्ताव पर हो रहा कार्य**

जिन-जिन पंचायतों से कुएं निर्माण के प्रस्ताव आ रहे हैं उन पंचायतों में कार्य हो रहे हैं, जहां के प्रस्ताव नहीं मिले हैं वहां काम रूका हुआ है। कुएं निर्माण में हितग्राहियों को भी मजदूरी करने का प्रावधान है। मजदूरी का भुगतान भी अब ऑनलाईन होता है।

-संदीप डिक्सेना, एपीओ, मनरेगा

## रिकार्ड सुधरवाने तहसील कार्यालय का काट रहे चक्कर

# उत्पादन रकबा घटने से किसान नहीं बेच पा रहे धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों के पूरे धान नहीं खरीदे जाने के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। गिरदावरी के दौरान राजस्व अमले द्वारा धान का बोनी रकबा घटाए जाने के कारण किसान रिकार्ड सुधरवाने के लिए तहसील कार्यालय और पटवारी का चक्कर काट रहे हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने अपने कुल रकबे में फसल बोई है और गिरदावरी के दौरान उनका बोनी रकबा घटना दिया गया है, जिससे वे अपनी पूरी फसल नहीं बेच पा रहे हैं।

**खास बात**

- धान खरीदी की बढ़ी कीमतों के लाभ से वंचित हो रहे किसान



फाइल फोटो

किसानों के बोनी रकबा घटने के बाद आ रही इस समस्या के निपटरारे के लिए राजस्व विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए गए थे, जहां रिकार्ड सुधारने का कार्य किया गया, किंतु शिविर में भी किसानों के दस्तावेज और राजस्व पटवारी द्वारा गिरदावरी के दौरान दर्ज किए गए बोनी रकबा में बड़े पैमाने पर अंतर होने के कारण गांव का राजस्व शिविर में भी उनकी समस्याओं का निदान नहीं हो सका। इस मामले को लेकर किसान तहसील कार्यालय से लेकर पटवारी कार्यालय तक चक्कर काट रहे हैं। इस मामले को लेकर किसानों ने जिला मुख्यालय का भी दरवाजा खटखटाया है। ग्राम पंचायत रजगामार, ग्राम पंचायत जिल्गा बरपाली, ग्राम पंचायत तुमान में शिविर लगाए गए थे। जहां किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए। राजस्व अमले के साथ बोनी रकबा कम किए जाने को लेकर शिविर में ही बातचीत होने से अव्यवस्था का माहौल निर्मित हो गया। ग्राम पंचायत रजगामार में पूर्व सरपंच हरिसिंह राठिया एवं उनके भाई हरसाय राठिया के नाम से राजस्व रिकार्ड में 5 एकड़ जमीन दर्ज है, लेकिन गिरदावरी के दौरान पटवारी हल्के ने दोनों भाईयों के नाम पर चार-चार एकड़ का बोनी रकबा दर्शाया। जिसकी वजह से उनके एक एकड़ के धान की फसल नहीं खरीदी जा रही है। इस मसले को लेकर उन्होंने तहसील कार्यालय पहुंचकर समस्या के निदान हेतु तहसीलदार को आवेदन दिया। तहसील के द्वारा किसान को पटवारी कार्यालय भेज दिया गया। जहां मौजूद पटवारी ने उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद ही रिकार्ड सुधारने की बात कही।

**समितियों में रिकार्ड को लेकर पहुंच रहे किसान**

धान बेचने समितियों में पहुंचने वाले किसान अपने साथ जमीन के रिकार्ड लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन राजस्व विभाग द्वारा समितियों को दिए गए जमीनों के रिकार्ड में और किसान के पास मौजूद रिकार्ड में जमीन आसमान का अंतर है। समिति प्रबंधक राजस्व विभाग द्वारा दिए गए रिकार्ड के आधार पर ही धान की खरीदी कर रहे हैं, इससे किसानों और समिति प्रबंधकों के बीच वाद-विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। सोनपुरी के किसान गुंजलाल राठिया ने बताया कि राजस्व विभाग में किसानों के रिकार्ड को ही दुरूस्त नहीं किया है। अभी भी उनके दिवंगत हुए परिजनों के नाम दर्ज है उनकी फौती भी नहीं काटी गई। इस समस्या से किसान पहले से ही जूझ रहे हैं और अब गिरदावरी के दौरान रकबा कम कर दिया गया। ऐसे में किसान धान पहले ही नहीं बेच पा रहे हैं और जो बेचना चाह रहे हैं उनका कुल उत्पादन के जमीन की रकबा कम होने से पूरी फसल नहीं बिक पा रही है।

# व्यापारी के घर चोरी, 50 हजार नकद सहित सोने व चांदी के जेवर पार



टूटी आलमारी जिससे चोरी हुए नगद व जेवरात।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित सुगंधा विहार रेसिडेंशियल सोसायटी में शातिर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर से 50 हजार नगदी रकम सहित सोने और चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर लिया है। सुबह परिजनों को चोरी की घटना की जानकारी हुई जिसके बाद तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस मामले की जांच कार्यवाही में जुट गई है।

**खास बातें**

- सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत सुगंधा विहार रेसिडेंशियल सोसायटी का मामला
- पेड़ के सहारे बालकनी के रास्ते घर में दाकिल हुए चोर

शहर के सुगंधा विहार में व्यवसायी बोधसिंह ठाकुर निवास करते हैं। सुबह जब घर के सदस्य सोकर उठे तो उनके घर का दरवाजा बाहर से बंद मिला। इसके बाद परिवार के सदस्यों ने पड़ोसियों को फोन कर बुलवाया और फिर दरवाजा खोला गया। बताया जा रहा है कि बालकनी से नीचे प्रवेश करने के साथ चोरों ने यह कारनामा किया। बोध सिंह ठाकुर के अनुसार चोर घर के आंगन में लगे नीम के पेड़ के सहारे चढ़ कर बालकनी में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया होगा। चोरी होने की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। सिविल लाइन थाना पुलिस प्रभारी का कहना है कि चोरी की सूचना मिली है, मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस आस-पास के सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाल रही है। चोरों ने घर की अलमारी के लॉकर को तोड़कर पचास हजार नगदी सहित सोने-चांदी के जेवर चोरों ने पार कर दिए हैं।

**डॉग स्क्वॉड की टीम पहुंची मौके पर**

चोरी होने की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। सिविल लाइन थाना पुलिस प्रभारी का कहना है कि चोरी की सूचना मिली है, मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस आस-पास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

**सूने मकान में चोरों ने बोला धावा, लाखों का माल पार**

दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गए परिवार के सूने मकान का दरवाजा तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने मकान से सोने चांदी व जेवरातों की चोरी की है जिसकी कुल कीमत लाखों में बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर चोरों की पतासाजी शुरु कर दी है। पथर्रीपारा निवासी राजेश पांडेय के सूने मकान में हुई लाखों की चोरी के वारदात के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। पुलिस ने शहर के चेकपोस्ट पर चेकिंग अभियान चलाया। इसके अलावा घटना स्थल पर स्पाई डॉग बाघा की भी मदद ली गई। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने संदेह के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिया है। जिससे पुलिस की पूछताछ जारी है। राकेश पांडेय भिलाई स्टील प्लांट में काम करते हैं उनका परिवार कोरबा में रहता है। पुलिस की तफ्तीश में यह खुलासा हुआ है कि उनका परिवार दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने बिहार गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

# आधी रात को धमके हाथियों ने पनगंवा में ढहाए दो मकान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात बदस्तूर जारी है। यहां के पसान रेंज अंतर्गत पनगंवा गांव में आधी रात को अचानक धमके दो हाथियों ने उत्पात मचाते हुए दो ग्रामीणों की मकान को ढहा दिए। जिस समय हाथियों ने यहां धावा बोला उस समय घर मालिक अपने परिवार के साथ सो रहे थे। हाथियों की चिंघाड़ व आने की आहट सुनकर जागे और परिवार समेत अन्य कमरे में छिपकर जान बचाई। जिसके बाद वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को सूचना दी गई। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर उत्पाती हाथियों को खदेड़ा। बताया जाता है कि हाथियों ने एक ग्रामीण के घर के बुरी तरह ध्वस्त कर दिया है जबकि दूसरे ग्रामीण के घर को आंशित क्षति पहुंचायी है। इसके अलावा केंदई रेंज के खडफ़ड़ीपारा सहित विभिन्न स्थानों पर हाथियों का दल झुंडों में बंटकर विचरण कर रहा है। हाथियों के झुंडो में बंटने और विभिन्न स्थानों पर विचरण करने से खतरा बढ़ गया है। वहीं इसकी निगरानी करने में भी वन विभाग को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। हाथियों ने कटघोरा वनमंडल के पसान, केंदई व एतमानगर रेंज को अपना बसेरा बना लिया है। हाथियों का दल कभी एतमानगर रेंज के गांवों व जंगलों में पहुंच जाता है तो कभी पसान व केंदई रेंज में।

# सिगड़ी जलाकर सोना पड़ा महंगा नौ लोग हुए अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिगड़ी जलाकर सोना एक परिवार के लिए महंगा पड़ गया। ठंड से बचने परिवार ने कमरे में ही सिगड़ी रख दी थी। रात में उनका दम घुटने लगा और हालत बिगड़ गई। अन्य कमरे में सोए परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें विकासनगर चिकित्सालय लाया जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

**खास बात**

- कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कालोनी में हुई घटना



अस्पताल में दाखिल मरीज।

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू रेलवे कॉलोनी में निर्मला टांडी निवासरत है। उसके घर क्रिसमस मनाने परिवार के लोग पहुंचे हुए थे। क्रिसमस पर्व के बाद भी परिजन रेलवे कॉलोनी में ठहरे हुए थे। शुक्रवार की रात ठंड से बचने निर्मला टांडी ने सिगड़ी जलवायी थी। कुछ देर तक आग तापने के बाद सिगड़ी को कमरे ही रखकर सभी सोने चले गए। देर रात अचानक कमरे में सोए लोगों के आखों में जलन, सिर दर्द और उल्टियां होने लगी। चक्कर आने की समस्या को देखते हुए उन्हें आनन-फानन में एसईसीएल के विकासनगर कुसमुंडा ⏭ शेष पेज 3 पर

**उज्ज्वला के बाद भी जला रहे सिगड़ी**

जिले में खदानों की बहुतायत है। यहां कोयला आसानी से उपलब्ध हो जाता है। यही वजह है कि खासकर मोहल्लों और बस्तियों में सिगड़ी में ही लोग भोजन पकाते हैं। सरकार ने धुआं से मुक्ति दिलाने उज्ज्वला योजना की शुरूआत की है। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना का लाभ भी दिया गया है। मगर गैस की बढ़ती कीमत के कारण अधिकांश उज्ज्वला कनेक्शनधारी रिफिलिंग नहीं करा पा रहे है। यही वजह है कि इस तरह के मामलों में सिगड़ी जानलेवा साबित हो रहा है।

## चौक चौराहों में तैनात रहेंगे जवान

# नववर्ष की तैयारी, लोगों में उत्साह, पुलिस अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




फाइल फोटो

वर्ष 2023 विदा ले रहा है। पहली जनवरी को बांहें फैलाकर नए साल का स्वागत होगा। ऐसे में लोग उमंग, उत्साह, मस्ती व खुमारी में डूबने की तैयारी में हैं। हालांकि पर्यटक व पिकनिक स्थल अभी से गुलजार हैं। उफान दिखेगा साल के अंतिम दिन रविवार और नए साल के प्रथम दिन सोमवार को। इन दोनों दिनों में पिकनिक स्थलों पर सैलानियों का सैलाब उमड़ेगा। नए साल के उमंग में किसी प्रकार का खलल न पड़े इसके लिए पुलिस-प्रशासन ने भी खासी तैयारी की है। सभी महत्वपूर्ण पार्कों और पिकनिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। हुड़दंगियों व शराबियों से निबटने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। नया साल पर होटल और रेस्टोरेंट की बुकिंग बढ़ गई है। नए साल के जश्न में भंग नहीं पड़े। इसके लिए पुलिस ने भी तैयारी शुरू की है। शहर में निगरानी बढ़ाई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को सक्रिय किया जा रहा है। चौक चौराहों पर प्वाइंट ड्यूटी बढ़ाई जा रही है। दोपहिया गाडिय़ों में पुलिस के जवान पेट्रोलिंग कर रहे हैं। गुंडा और निगरानी बदमाशों को पुलिस ने थाने में तलब किया है। पुलिस का कहना है कि नए साल से पहले पुलिस सडक़ पर गाडिय़ों की जांच करेगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर नजर रखी जाएगी। बाइक पर क्षमता तीन सवारी बैठाकर चलने वालों पर कार्रवाई होगी। गाडिय़ों को जब्त कर जुर्माना वसूल किया जाएगा। हेलमेट नहीं लगाने वालों पर कार्रवाई होगी।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

बदलते मौसम में सिर दर्द को अनदेखा करना बन सकता है...
ब्रेन स्ट्रोक
पैरालिसिस
माइग्रेन
ब्रेन ट्यूमर
जैसी खतरनाक बीमारी का कारण
Dr. Neelam Sahu Puri
MBBS, MD, DrNB
Neurology Consultant
इलाज के लिए हमारे विशेषज्ञ से परामर्श लें...
मार्क हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
गीता पैलेस के पास, कपिल नगर, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
संपर्क करें : 9109969722, 9039028850
#MGR

## खबर संक्षेप

### श्रीअय्यप्पा मंदिर में श्रीमद् भागवत पारायण सप्ताह यज्ञ आज से

**कोरबा।** एसईसीएल सुभाष ब्लाक स्थित श्रीअय्यप्पा (शनिश्वर) मंदिर में श्रीमद् महाभागवत पारायण सप्ताह यज्ञ 31 दिसंबर से 6 जनवरी तक आयोजित है। कथा के पहले दिन सुबह 6 बजे गणपति हवन, हरिनाम कीर्तन, भद्रदीप प्रतिष्ठा, आचार्यवरणम, ग्रंथ नमस्कार आदि होंगे। सुबह 7.30 बजे से श्रीमद् भागवत पारायण शुरू होगा। विशेष पूजा बराहवतार के रूप में होगी। दोपहर 12 बजे से आत्मीय प्रवचन, 1 बजे से प्रसाद वितरण, शाम 5.30 बजे से ललिता सहस्त्रनाम जप, 7.15 बजे से समूह प्रार्थना व आरती होगी। इस दिन का अन्नदान एवी अश्वंत रेवती एसवीबीपीनगर साडा कालोनी जमनीपाली द्वारा की जाएगी। भागवत पारायण सप्ताह यज्ञ का विधान क्षेत्र तंत्री ब्रह्मश्री उन्नीकृष्णन नंबूदिरी, क्षेत्र पुजारी मोन नंबूदिरी, सहकर्मी रमेश मरपच्ची, यज्ञ होताव मणिकुट्टन, आरयानाड़, यज्ञाचार्य सुदीश तुरवूर, यज्ञ पौराणिक पन्मना राजू, नितिन पत्तनापुरम, कलामंडलम विनोद द्वारा संपन्न कराए जाएंगे। श्री अय्यप्पा मंदिर सेवा समिति के महासचिव सुब्रमण्य के ने मलयाली समाज के साथ सर्व समाज के लोगों को श्रीमद् महाभागवत पारायण सप्ताह यज्ञ में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आह्वान किया है।

### कटघोरा विकासखंड में शिविर आज

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 31 दिसंबर को विकासखंड विकासखंड कटघोरा के ग्राम बिरदा में 10 बजे और गंगदेई में 2 बजे से, पोडी उपरोडा ब्लॉक के घुंचापुर में 10 बजे से, लाद में दोपहर 2 बजे से, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम जुनवानी में 10 बजे से तथा श्रीमार व बोड़ाछाप मे 2 बजे से, विकासखंड पाली के ग्राम मादन में 10 बजे से और सैला में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### कैबिनेट मंत्री देवांगन का भारतीय मीडिया फाउंडेशन ने किया स्वागत



**कोरबा।** शहर विधायक लखनलाल देवांगन को उद्योग एवं श्रम मंत्री बनाए जाने पर भारतीय मीडिया फाउंडेशन के जिला चेयरमैन जीत नायर के साथ जिला महिला सेल से कुमुद सोनी, कमला राठिया, गीता नेगी, प्रीति महंत एवं यूथ विंग के रेवत पटेल एवं सुनील यादव, सुनील जायसवाल ने उनके निवास स्थान पर सौजन्य भेंटकर पुष्प गुच्छ से उनका स्वागत किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने मंत्री श्री देवांगन से प्रदेश के स्थानीय बेरोजगारों को यहां के उद्योगों में उनको प्रथम प्राथमिकता देने पर चर्चा की गई।

### नए महाप्रबंधक जेवियर का किया स्वागत



**कोरबा।** सेंट्रल वर्कशॉप कोरबा के अधिकारी एवं श्रम संघ पदाधिकारियों द्वारा शनिवार को नव पदस्थ महाप्रबंधक व्हीडी जेवियर का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया।

### विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों को शिविर के माध्यम से पहुंचाया जा रहा लाभ



**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जनमन योजना द्वारा जिले के चिन्हांकित सभी विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा शेड्युल निर्धारित कर पीव्हीटीजी बसाहटों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत ऐसे समुदायों के बसाहटों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस दौरान शिविर में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के वंचित लोगों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, केसीसी, जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, जॉब कार्ड सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण के रूप में बीपी, शुगर, आंख, खून की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां भी प्रदान की जा रही है।

बच्चों के लिए सराहनीय आयोजन, कोरबा प्रेस क्लब की प्रदेश में अलग पहचान: डॉ. हिमांशु द्विवेदी

# सम्मान से बच्चों का बढ़ता है पढ़ाई के प्रति उत्साह: लखनलाल देवांगन





प्रतिभावान बच्चों को पुरुस्कृत करते कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन, हरिभूमि एवं आईएनएच प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी एवं कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वरिष्ठ पत्रकार रहे स्व. विजय शर्मा की स्मृति में कोरबा प्रेस क्लब द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रेस क्लब के सदस्य पत्रकारों के स्कूल, कॉलेज में अध्ययनरत प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मान किया गया। शुक्रवार प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित इस समारोह में प्रदेश के उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिभूमि, आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल व स्व. विजय शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कविता शर्मा उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान नर्सरी से लेकर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययनरत पत्रकार परिवार के बच्चों को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र एवं चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान झलक उठी। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रेस क्लब द्वारा आयोजित यह समारोह प्रशंसनीय है। प्रतिभा के लिए बच्चों के सम्मान से उनका उत्साह बढ़ता है और पढ़ाई के प्रति लगन और प्रगाढ़ होती है। सम्मान से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और अभिभावकों का भी उत्साहवर्धन होता है। डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने

अपने उद्बोधन में कहा कि कोरबा प्रेस क्लब ही प्रदेश में ऐसा एकमात्र प्रेस क्लब है जहां पत्रकारों के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन होता है। इसके अलावा अन्य प्रशंसनीय आयोजन भी होते हैं। इस कारण कोरबा प्रेस क्लब की प्रदेश में अलग पहचान है। बच्चों के साथ जनप्रतिनिधियों के सम्मान का आयोजन सराहनीय है। सम्मान पाकर बच्चों का शिक्षा के प्रति रूझान और बढ़ता है। डॉ. द्विवेदी ने इस मौके पर रामायण से जुड़े प्रसंग का जिक्र करते हुए कहा कि अच्छे समाज के निर्माण में हर किसी को अपनी भूमिका उस गिलहरी की तरह निभानी चाहिए जैसा कि उसने प्रभु श्री राम के लिए सेतु निर्माण के वक्त निभाई थी। जनप्रतिनिधियों को भी चाहिए कि वे अपनी जनता की समस्याओं को समझ कर उन तक पहुंचने से पहले उसका निराकरण का मार्ग प्रशस्त करें। कार्यक्रम में उपस्थित

कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे प्रहरी कहे जाने वाले पत्रकारों द्वारा इस तरह का आयोजन काफी प्रशंसनीय है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही बेहतर कैरियर का निर्माण संभव है और बच्चे सम्मान पाकर प्रोत्साहित होते हैं और बेहतर करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने बच्चों से खूब मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब परिवार की ओर से सभी अतिथियों का शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। स्व. विजय शर्मा के परिजनों ने भी अतिथियों का श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित थे।

# ब्लास्टिंग से नुकसान, खदान के भीतर विस्थापितों ने किया प्रदर्शन



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली पड़निया गांव से जुड़ी हुई समस्याएं जस की तस बनी हुई है। लोगों की शिकायत है कि एसईसीएल की खदान में कोयला निकालने के लिए रोज की जाने

**खास बात**

- अरसे बाद भी नहीं हल हुई विस्थापितों की समस्याएं

वाली ब्लास्टिंग से कई प्रकार के नुकसान हो रहे हैं। प्रबंधन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए शनिवार की सुबह भूविस्थापितों ने खदान के भीतर उपस्थिति दर्ज कराई और प्रदर्शन किया। उत्पादन पर असर पडऩे से चिंतित प्रबंधन ने पुलिस बुलवा ली।

खदान के क्षेत्र में लोगों के द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन का यह कोई मौका नहीं है। शनिवार को पाली पड़निया गांव के सैकड़ों लोग अपने मसले को लेकर यहां पहुंच गए। उन्होंने कामकाज रूकवाने के साथ प्रदर्शन किया। नारेबाजी कर रहे लोग इस बात पर जोर दे रहे हैं कि या तो ब्लास्टिंग की रफ्तार कम की जाए या फिर उनकी परेशानियों को दूर करने में रूचि ली जाए। प्रदर्शनकर्ताओं में महिलाएं भी शामिल थीं।

बड़ी संख्या में लोगों के खनन क्षेत्र में पहुंचने से कामकाज पर असर पड़ा और कर्मियों को हाथ खड़े करने पड़ गए। इस बारे में आगे सूचना देने पर प्रबंधन के अधिकारी यहां पहुंचे और जानकारी ली। यहां भी लोगों ने अपनी बात रखी। उनका कहना था कि एसईसीएल ने उनकी जमीन ली है फिर भी लंबा समय बीतने पर न तो रोजगार के विकल्प पर काम किया गया और न ही पुनः स्थापन जैसे मसलों को निराकृत किया गया। वर्तमान में ये लोग खदान के नजदीक काबिज हैं और लगातार होने वाली ब्लास्टिंग से खतरे बढ़ रहे हैं। विस्थापितों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि विस्फोटक का उपयोग करने से होने वाली ब्लास्टिंग के नतीजन घरेलू सामानों में नुकसान हो रहा है वहीं कई प्रकार की परेशानियां खड़ी हो रही है। मौके पर बवाल की संभावना को देखते हुए कुसमुंडा पुलिस भी पहुंची और उसने स्थिति को संभालने का प्रयास किया।

**बढ़ रहे जमीन धंसने के मामले**

ओपन कास्ट माइंस क्षेत्र में ब्लास्टिंग से जहां मकानों और अन्य स्थानों पर दरारें आ रही हैं। इसके ठीक विपरित अंडरग्राउंड माइंस के आसपास जमीन धंसने की घटनाओं में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। ढेलवाडीह, सिंघाली के साथ-साथ रानीअटारी परियोजना के इर्द-गिर्द 5 से 10 फीट तक का हिस्सा आए दिन दब रहा है। बड़े गड्ढे बनने के कारण न केवल चुनौतियां पैदा हो रही है बल्कि ऐसे क्षेत्रों में मौजूदगी दर्ज कराने वाले लोग परेशान हैं। आशंका इस बात की है कि अगर अचानक ऐसा कुछ होता है तो काफी नुकसान होना तय है। इस प्रकार की घटनाओं के पीछे कोयला कंपनी कारण और तर्क जरूर बताती है लेकिन इन्हें कैसे रोका जाए इसके लिए न तो कोई योजना है न तैयारी।

# राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट में एसीबी इंडिया की टीम रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

27 दिसंबर से 29 दिसंबर को यूनाइटेड क्लब कोरबा के द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराया गया । जिसमें एसीबी इंडिया की टीम ने भी भाग लिया। प्री क्वार्टर फाइनल मैच में एसीबी इंडिया का मुकाबला एसईसीएल कोरबा के साथ रहा जिसमें टीम ने 3-1 से जीत हासिल कर एसीबी इंडिया टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची। क्वार्टर फाइनल मैच में एसीबी इंडिया टीम का मुकाबला रायगढ़ एफसी के साथ रहा जिसमें टीम ने 4-0 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल मैच में एसीबी इंडिया टीम का मुकाबला घुड़देवा बॉयज के साथ रहा जिसमें एसीबी इंडिया की टीम ने 2-0 से विजय हासिल कर एसीबी इंडिया की टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल राउंड में एसीबी इंडिया का मु का ब ला यूनाइटेड क्लब कोरबा के बीच जबरदस्त टक्कर में चला, जिसमें एसीबी इंडिया की टीम के शंकर बहादुर, सोमनाथ बुआर्या और राजू हेंब्रम ने एक-एक गोल कर 3-1 से यूनाइटेड क्लब कोरबा को हरा कर एसीबी इंडिया लिमिटेड की टीम ने जीत हासिल की। लगातार जीत हासिल करते हुए एसीबी इंडिया टीम के प्रेसिडेंट विपिन मलिक ने और अश्विन चौधरी ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान कर अभिवादन किया। जिसमें एसीबी इंडिया फुटबॉल टीम के कोच सोनाराम हेंब्रम ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए आगे और नेशनल लेवल पर फाइनल पहुंचने के लिए कहा। समापन समारोह में कोरबा विधायक कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन भी शामिल हुए। 3 जनवरी 2024 को एसीबी इंडिया की टीम राष्ट्रीय स्तर टूर्नामेंट के लिए रवाना होगी।



पुरुस्कार प्राप्त करते विजयी टीम के खिलाड़ी।

# भगवान भक्तों को बिना मांगे सब कुछ दे देते हैं: राघवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

गोयल परिवार पोड़ी उपरोड़ा के द्वारा अग्रसेन भवन कटघोरा में आयोजित श्रीमद्भागवत पुराण कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक

**खास बात**

- कटघोरा में चल रही भागवत कथा में पहुंच रहे श्रोता



कथा सुनते नगरवासी।

पंडित राघवेंद्र आचार्य अमरकंटक धाम ने अपने व्यास पीठ से श्रोताओं को भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा चरित्र पर प्रवचन देते हुए बताया कि भगवान भक्तों को बिना मांगे ही सब कुछ देते हैं। श्री कृष्ण से सुदामा ने कुछ भी नही मांगा किंतु प्रभु श्री कृष्ण ने उन्हें सब कुछ बिना मांगे ही सब कुछ देकर मित्रता का धर्म निभाया।

कथा में श्री राघवेंद्र ने सुदामा चरित्र पर कहा कि एक बार सुदामा अपनी गरीबी से काफी परेशान थे। लोगों के घर-घर जाकर गोकुल वासियों से भीख मांगकर लाते थे। जितना मिलता था अपनी पत्नी को लाकर दे देते थे उसी से जीवन यापन किया करते थे। एक दिन उनकी पत्नी सुदामा से कहती है कि हे स्वामी ऐसे में हमारा गृहस्थ जीवन कब तक चलेगा। तुम अपने स्वामी द्वारिकाधीश से कुछ मांगते क्यों नहीं सुदामा कहते हैं कि वो ऐसा नहीं कर सकते, लेकिन सुदामा की पत्नी सुदामा से काफी जिद करती है तब हारकर सुदामा अपने मित्र द्वारिकाधीश से मिलने द्वारिकाधीश जाने के लिए राजी हो जाते हैं। द्वारिकाधीश पहुंचने पर सुदामा को द्वारपाल द्वार पर ही रोक देते हैं और यह देखकर सुदामा



द्वारपाल से कहते हैं कि कन्हैया मेरे कन्हैया देखों तुम्हारा लाखों में एक मित्र तुम्हारे द्वार पर तुम्हारा मित्र सुदामा आया है और वो द्वारपाल से कहते हैं कि वो श्री द्वारिकाधीश के परम मित्र हैं। सुदामा की बात सुनकर द्वारपाल हंसने लगते हैं फिर भी द्वारपाल सुदामा को मिलने से रोक देते हैं।तभी एक द्वारपाल यह सब दृश्यों को देख रहा था, तभी द्वारपाल वहां से जाकर द्वारिकाधीश को द्वार की सारी घटना के बारे में बताते हैं व कहते हैं कि द्वार पर कोई गरीब व्यक्ति आया हुआ है। फटे पुराने कपड़े पहने हुए हैं व अपने आप को आपका मित्र व नाम अपना सुदामा बता रहा हैं। यह सुन द्वारिकाधीश राजगद्दी से उठ नंगे पांव सुदामा सुदामा पुकारते हुए राजमहल के मुख्य द्वार की ओर जाने लगे। तभी सारे सैनिक यह दृश्य देख काफी अचंभित रह जाते हैं। प्रभु द्वारिकाधीश को सुदामा उनके द्वार पर ही खड़े हुए मिलते है श्रीकृष्ण अपने मित्र को द्वार पर खड़ा देख उनसे गले लिपट जाते हैं और उन्हें अपने राजमहल में ले आते हैं व राज गद्दी में बैठाकर पत्नी रुक्मणि के साथ मिलकर उनके पैरों में छाले हो गए थे उन्हें धीरे धीरे पोंछते हुए अपने आंखों से टपकते हुए आंसू से उनके चरण को धोते है। इस बीच परिवार के सदस्यों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की सुंदर व मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पवन गोयल, प्रमोद गोयल, प्रदीप गोयल, गिरधारीलाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल पसान, हितेश गुप्ता, अशोक केडिया, अजय अग्रवाल, किशोर गोयल, अशोक गोयल सहित सभी श्रोतागण उपस्थित थे।

# कोरोना संक्रमण को लेकर जिला जेल प्रबंधन सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश के 7 राज्यों में कोरोना संक्रमण के नए वेरिएंट ने खतरे की आहट को बढ़ा दिया है। प्रदेश में भी लगातार

**खास बातें**

- रिपोर्ट निगेटिव आने पर ही बंदियों को किया जा रहा जेल दाखिल
- साफ सफाई पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

कोरोना मरीज मिल रहे हैं। इधर जिला जेल कोरबा में भी कोरोना के मद्देनजर व्यवस्था को बदला जा रहा है। यहां बंदियों को रखने से पहले जरूरी जांच कराई जा रही है।

मध्य प्रदेश के समय से कोरबा में जिला जेल संचालित है, जहां पर महिला और पुरुष बंदियों के लिए 10 से ज्यादा बैरक बनाए गए हैं। कोरोना के नए वेरिएंट्स के आने से हर तरफ चिंता जताई जा रही है। जिला जेलर विजयानंद सिंह ने बताया कि कोरोना की नेगेटिव रिपोर्ट के अलावा एचआईवी और अन्य जांच होने के बाद ही हम बंदी को यहां पर एंट्री देते हैं। इसके अलावा बंदी के बीमार होने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। कोरोना के मामले में जेल शुरू से ही बेहद ही संवेदनशील स्थान हैं। सबसे पहले किसी आरोपी को पुलिस मेडिकल जांच के बाद कोर्ट में पेश करती है, जहां से जमानत नहीं मिलने पर जेल वारंट जारी किया जाता है। इसके आधार पर पुलिस आरोपी को जेल दाखिल करा देती है। यहां कई अन्य बंदी भी होते हैं। जेल के भीतर बैरक में एक साथ कई कैदियों के होने से कोरोना संक्रमण का खतरा रहता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए जेल प्रबंधन को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन स्थिति सामान्य होने के बाद सख्त नियमों में थोड़ी ढिलाई बरती जा रही थी। अब जब एक बार फिर से कोरोना के नए वेरिएंट ने दस्तक दे दी है, तब कोरबा जेल प्रबंधन ने दोबारा निर्देशों का पालन करना शुरू कर दिया गया है। कोरोना नेगेटिव होने पर ही आरोपी को जेल दाखिल कराया जा रहा है। जिला जेल में नियमित डॉक्टर की तैनाती की गई थी, जो जुलाई माह में रिटायर हो चुके हैं। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद से नियमित डॉक्टर की कमी बनी हुई है। अभी सप्ताह में तीन दिन ही डॉक्टर जेल पहुंचते हैं, ऐसे में बंदियों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा जाता है। इस संबंध में जेल प्रबंधन ने पत्र भी लिखा है, लेकिन अब तक नियमित चिकित्सक की पदस्थापना जिला जेल में नहीं हुई है।



फाइल फोटो

# बिंझवार समाज ने विधायक से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल से उनके निवास पर ग्राम अखरापाली से जनपद सदस्य गिरिजा देवी धेनु राम बिंझवार की अगुवाई में बिंझवार समाज के उत्थान में विकास के लिए बिंझवार समाज के सभी सदस्यों ने विधायक प्रेमचंद पटेल से मुलाकात की और बिंझवार समाज की समस्याओं को लेकर विधायक श्री पटेल को अवगत कराया। समाज के सदस्यों ने बताया कि समाज के लिए सामुदायिक भवन के साथ-साथ बिंझवार समाज बाहुल्य बस्तियों में मूलभूत समस्याओं का अभाव बना हुआ है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता कार्तिक राम बिंझवार, राधेश्याम बिंझवार, मुरारीराम बिंझवार, भूतपूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत छुरीकला श्रीमती सुशीला बिंझवार, जेंजरा सरपंच मनीराम बिंझवार, मतरम बिंझवार, ढपढप से राधे बिंझवार, अशोक बिंझवार जामचूआ से पूर्व जनपद सदस्य रामायण सिंह बिंझवार, शुक्लाखार से सागर सिंह बिंझवार, कसईपाली से जनपद सदस्य श्रीमती उर्मिला देवी, श्रीमती फुलमनी बिंझवार, श्रीमती सुकवारा देवी, बिंझवार श्रीमती सोनकुंवर, बिंझवार श्रीमती जमुना बाई, बिंझवार यमुनानगर से भरतलाल बिंझवार, श्रीमती कृष्णा देवी बिंझवार, मनगांव से महेत्तर सिंह बिंझवार, तिलकराम राम सिंह, अनुज बिंझवार, केसला से भागीरथी बिंझवार, मौहाड़ीह से मसतराम बिंझवार, रलिया से बजरंग बिंझवार, गोपाल बिंझवार कोरई से गोविंद सिंह बिंझवार उपस्थित थे।

# कृष्ण सुदामा ने दुनिया को सच्ची मित्रता का संदेश दिया : राहुल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविशंकर नगर सेंट पैलोटी स्कूल के समाने में राठौर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन कथा वाचक राहुल कृष्ण महाराज के श्रीमुख से भगवान कृष्ण की लीला और कृष्ण-सुदामा के बीच अकाट्य मित्रता का वर्णन करते हुए कथा पर विराम लगाया। राहुल कृष्ण महाराज के श्रीमुख से निकल रही भगवत कथा सुनने अंतिम दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटे और कृष्ण-सुदामा मित्रता का संदेश ग्रहण किया। राहुल कृष्ण ने संगीतमय कथा के माध्यम से बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने एक दरिद्र ब्राम्हण के अनाज के एक दाने का मोल चुकाया और सुदामा की दरिद्रता दूर कर उसे जीवन का वैभव प्रदान किया। उन्होंने बताया कि किस तरह से भगवान श्री कृष्ण ने बचपन की मित्रता को सुदामा के चौथेपन में चुकाया। राहुल कृष्ण महाराज जी ने कृष्ण-सुदामा चरित्र के माध्यम से बताया कि मित्रता हो तो ऐसी, जैसी कृष्ण और सुदामा की थी।



## खबर संक्षेप

### नगर निगम कमिश्नर ने किया अधिकारी कर्मचारियों का तबादला

**कोरबा।** प्रशासनिक दृष्टिकोण से नगर निगम के अधिकारियों की जिम्मेदारियों और कार्यस्थल में बदलाव किया गया है। निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई की इस प्रशासनिक सर्जरी में कार्यपालन अभियंता से लेकर उप अभियंता लेवल के कुल 14 अधिकारियों के नाम शामिल हैं। जिनमें कार्यपालन अभियंता एके शर्मा को पूर्व से आवंटित कार्यों के साथ उद्यान शाखा का प्रभार भी जोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त उनके पास पहले से ही दर्री जोन एवं योजना, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, दाई दीदी मोबाईल क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, सिटी बस की जिम्मेदारी है। इसी तरह बालको जोन प्रभारी रहे एमएन सरकार को कोसाबीड़ी का कमान सौंपा गया है। बांकीमोंगरा जोन संभाल रहे प्रभारी कार्यपालन अभियंता तपन योगी तिवारी को सर्वमंगला जोन की भी जिम्मेदारी दी गई है। प्रभारी कार्यपालन अभियंता प्रकाश चंद्रा अब पंडित रविशंकर शुक्ल नगर जोन के जोन प्रभारी होने के साथ भवन निर्माण और अनुमति शाखा की भी जिम्मेदारी देखेंगे। प्रभारी कार्यपालन अभियंता एनके नाथ सर्वमंगला से बालको जोन भेजे गए हैं। जिम्मेदारी परिवर्तन से प्रभावित अन्य अधिकारियों में सहायक अभियंता व्ही.के.रिछारिया, प्रभारी सहायक अभियंता, प्रभारी सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, प्रभारी सहायक अभियंता लीलाधर पटेल, प्रभारी सहायक अभियंता राहुल मिश्रा और शेष उप अभियंताओं में रमेश सूर्यवंशी, सोमनाथ डेहरे, आकाश अग्रवाल, अनिल राम और श्रीमती किरण शामिल हैं।

### शो रूम का कर्मचारी हुआ लूट का शिकार

**कोरबा।** बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने शुक्रवार की रात एक युवक से लूटपाट और मारपीट की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित युवक सड़क किनारे टॉयलेट करने रुका हुआ था। इस दौरान यह घटना घटी। सीएसईबी चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। मामला सिविल लाइन पुलिस थाना के सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर का है। लूट का शिकार हुए व्यक्ति का नाम मनीष सोनी है। वह विशाल होंडा शो रूम में काम करता है। मनीष ने बताया कि शुक्रवार की रात 8 बजे के बाद काम कर वह घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान स्टेडियम रोड सीएसईबी चौकी से महज 500 मीटर पर सड़क किनारे टॉयलेट करने के लिए रुका था। टॉयलेट करने के बाद वह पीछे मुड़ने ही वाला था, तभी बाइक में सवार तीन युवक आए और मोबाइल को लूटने का प्रयास कर रहे थे। पीड़ित मनीष ने जब बचाव किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की।

### पिछले दो माह से श्रमिकों को नहीं किया गया है वेतन भुगतान

# लंबित भुगतान की मांग को लेकर ठेका श्रमिकों ने खोला मोर्चा, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान में नियोजित हैम्स कार्पोरेशन नामक निजी कंपनी में कार्यरत ठेका श्रमिकों में लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया। प्रभावित ठेका श्रमिकों ने एसईसीएल जीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर प्रबंधन से लंबित वेतन भुगतान जारी कराने की मांग की है। भूविस्थापितों का आरोप है कि निजी कंपनी द्वारा पिछले दो माह से वेतन भुगतान नहीं किया गया है।

**खास बात**

- कुसमुंडा खदान में नियोजित हेम्स कार्पोरेशन नामक निजी कंपनी का मामला



जीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में नियोजित हेम्स कॉरपोरेशन नामक निजी कंपनी में लगभग 70 ठेका मजदूर कार्य पर नियोजित हैं। जिनमें कई महिला मजदूर भी शामिल हैं। मजदूरों ने बीते दो महीने से वेतन नहीं देने का आरोप लगाया है। मजदूरों का कहना है कि बिना वेतन दिए उनसे काम लिया जा है। सैलरी नहीं मिलने से उनका घर चलाना मुश्किल हो गया है। मजदूरों ने वेतन के अलावा पीएफ की राशि में भी गड़बड़ी की बात कही है। इसकी शिकायत एसईसीएल प्रबंधन से करते हुए वेतन दिलवाने और पीएफ की राशि भी आवंटित करने की मांग की है। ठेका श्रमिक सूरज चुटेलकर ने बताया कि कंपनी हमसे काम तो ले रही है लेकिन 2 महीने से हमें वेतन नहीं दे रही है। जिससे हमारा घर चलाना मुश्किल हो गया है। कई बार बातचीत करने के बाद हमें पीएफ की जानकारी भी नहीं दी जाती, अब हमें यह भी पता चला कि कंपनी पीएफ के नाम पर भी घोटाला कर रही है। हमे जो यूएएन नंबर दिया गया है उसमें किसी भी प्रकार का राशि जमा नहीं हुआ है हमने सिविल विभाग में इसकी शिकायत भी किए। वहीं दूसरी ओर हेम्स कॉरपोरेशन के मैनेजर कलाधरण पिल्लई ने बताया कि मजदूरों का पेमेंट जल्दी जारी किया जाएगा। ऊपर से ही हमें राशि का आबंटन नहीं हुआ है। यूएएन नंबर भी मजदूरों को अलॉट किया गया है जिसमें उनके पीएफ की राशि फिलहाल डाली नहीं गई है, यह किसी तरह का घोटाला नहीं है जैसे ही उनका पेमेंट आएगा पीएफ की राशि भी जमा कर दी जाएगी।

## डेढ़ साल से फरार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चोरी के मामले में करीब डेढ़ साल से फरार चल रहे आरोपी सुहैल खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी एमपी नगर अटल आवास का निवासी है। आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पंडित रविशंकर शुक्ल में सरिया चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

**खास बातें**

- दो साथियों के साथ मिलकर की थी चोरी
- जम्मू-कश्मीर से शामिल होने आया था भाई की शादी में

चोरी की वारदात के दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन आरोपी सुहैल जम्मू कश्मीर फरार हो गया था। आरोपी सुहैल अपने भाई की शादी में शामिल होने कोरबा आया था। भाई की शादी में शामिल होने कोरबा आना आरोपी को महंगा पड़ गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को धर दबोच लिया।



आरोपी।

आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर जुलाई 2022 को पंडित रविशंकर शुक्ल नगर में लोहे के सरिया की चोरी की थी। इसके बाद कमाने-खाने के लिए जम्मू-कश्मीर चला गया था। आरोपी जम्मू-कश्मीर में एक निजी कंपनी में काम करता था। पुलिस काफी लंबे समय से आरोपी सुहैल खान की तलाश कर रही थी। आरोपी शादी होने के बाद फिर से जम्मू कश्मीर जाने वाला था। मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेमचंद्र साहू ने बताया कि चोरी के मामले में आरोपी की तलाश जा रही थी। मुखबीर से जानकारी मिली कि पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आया हुआ है। इस दौरान उसे पकड़ा गया जिसे न्यायालय पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## ठग का कोरबा कनेक्शन, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर जिला के थाना चकरभाठा पुलिस द्वारा 13 लोगों से नौकरी लगाने का झांसा देकर 54 लाख 70 हजार की ठगी करने वाले कोरबा के फरार आरोपी डा.चन्द्रप्रकाश प्रधान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी चन्द्र प्रकाश प्रधान व अन्य के द्वारा सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर युवकों को शिकार बनाया गया। वह अपराध दर्ज होने के बाद से एक साल से लगातार फरार था। आरोपी डॉ चन्द्र प्रकाश प्रधान 41 वर्ष बरबसपुर हाउसिंग बोर्ड कालोनी, कोरबा का रहने वाला है। आरोपी चन्द्र प्रकाश प्रधान, ललित केशरवानी , अभिरुप मंडल, श्रीमति रजनी केशरवानी के द्वारा प्राथी रुद्र कुमार कौशिक एवं अन्य 12 लोगों से नौकरी लगाने का झांसा देकर 54 लाख 70 हजार लेकर धोखाधड़ी किया गया है। इसकी रिपोर्ट थाना चकरभाठा में अगस्त माह में दर्ज किया गया था। उनके खिलाफ धारा 420,467,468,34 के तहत अपराध दर्ज किया गया। मुखबिर से सूचना मिला कि आरोपी डा चंद्र प्रकाश प्रधान चकरभाठा मार्केट में आया हुआ है। इस सूचना पर तत्काल मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड के न्यायालय में पेश किया गया ।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## अवैध 16 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहलाईनभाठा में अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहलाईन भाठा कटघोरा निवासी राय सिंह उम्र 45 वर्ष पिता सजन सिंह गोड़ से 16 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के धारा 34 (2), 34 (1) (क) (ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।



## पृष्ठ 1 का शेष

### सिगड़ी जलाकर...

डिस्पेंसरी में लाया गया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। लिहाजा उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल में दाखिल लोगों में साइबो सोनवारी, हिमांगी नायक, नमिता नायक, नंदिनी नायक, दो पुरूष सहित 9 लोग शामिल हैं। सभी का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।







श्री लखन लाल देवांगन जी को
वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री छ.ग. शासन
बनाए जाने पर
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री लखन लाल देवांगन जी
कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
इंद्राज सिंह भाटिया
नवीन अरोरा
मैनेजिंग डायरेक्टर
आशीर्वाद ग्रुप कोरबा
प्रफुल्ल तिवारी
जिला उपाध्यक्ष भाजपा
एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो, कोरबा
नरेन्द्र देवांगन
जिला महामंत्री भाजयुमो, कोरबा
पार्षद नगर पालिक निगम कोरबा
नरेन्द्र पाटनवार
पूर्व मण्डल अध्यक्ष
भिलाई बाजार
परविन्दर सिंह
अध्यक्ष
नगर मण्डल, कोरबा
वैशाली रत्न पारखी
जिलाध्यक्ष
महिला मोर्चा, कोरबा
मीना शर्मा
पूर्व जिलाध्यक्ष
महिला मोर्चा, कोरबा
उमा भारती शराफ
पूर्व जिलाध्यक्ष
महिला मोर्चा, कोरबा
रूखमणी नायक
पूर्व जिलाध्यक्ष
महिला मोर्चा, कोरबा
प्रेम मदान
वरिष्ठ भाजपा नेता
रजनीश देवांगन
वरिष्ठ भाजपा नेता
वैभव शर्मा
जिलामंत्री-भाजयुमो कोरबा
युगल कैवर्त
महामंत्री-नगर मण्डल कोरबा
योगेश मिश्रा
महामंत्री-नगर मण्डल कोरबा
कुलवन्त सिंह
वरिष्ठ भाजपा नेता
मुकेश बग्गा
वरिष्ठ भाजपा नेता
राकेश अरोरा
वरिष्ठ भाजपा नेता